तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 14 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
अब संयुक्त खाते की भूमि के सभी खातेदारों को कराना होगा एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन



## खबर संक्षेप

### माय भारत युवा कार्यक्रम के तहत बैठक आज

**कोरबा।** माय भारत कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में 14 जुलाई को दोपहर 1 बजे जिला सलाहकार समिति एवं जिला समन्वय समिति की बैठक कलेक्टोरेट कोरबा के सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु साक्षात्कार आज

**कोरबा।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए साक्षात्कार हेतु मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले पात्र अनुसूचित जनजाति के 24 एवं अनुसूचित जाति के 9 छात्र-छात्राओं को 14 जुलाई को प्रातः 11 बजे कक्षा 4थी, 5वीं का अंक सूची, जाति, निवास, आय एवं स्वयं के दो पासपोर्ट साईज फोटो सहित अपने अभिभावक के साथ कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कलेक्ट्रेट कोरबा उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा 5 जुलाई को आयोजित किया गया।

### भांठापारा में श्रीमद्भागवत कथा कल से

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार भांठापारा में श्रीमद्भागवत कथा आयोजन 15 जुलाई को कलश शोभा यात्रा से आरंभ होकर 22 जुलाई को विश्राम होगा। कथावाचक पंडित प्रणव महराज रलिया बहनपाठ वाले अपने मुखारविंद से श्रोताओं को श्रवण कराएंगे। नित्य पूजन प्रातः सुबह 8 बजे से 10.30 तक एवं कथा दोपहर 3 बजे आरंभ होकर प्रभु इच्छा तक होगी आयोजक श्रीमती फोटोबाई राठौर, शिवकुमार,सुनील कुमार राठौर ने गांव व क्षेत्र से भागवत प्रेमीयों को कथा श्रवण करने आग्रह किया है।

### चेक बाउंस के मामले में विशेष लोक अदालत 18 को

**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन में जिला एवं सत्र न्यायालय कोरबा के कॉन्फ्रेंस रूम में 18 जुलाई को आयोजित होने वाली पराक्राम्य लिखित अधिनियम(चेक बाउंस मामले) संबंधित विशेष लोक अदालत के सबंध में 10 जुलाई को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला कोरबा (छ0ग0) की अध्यक्षता में जिला न्यायालय कोरबा के न्यायिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा चेक बाउंस से सबंधित मामले हेतु आयोजित विशेष लोक अदालत के उद्देश्य बताते हुए इसे सफल बनाने में सहयोग प्रदान करते हुए, अधिक से अधिक चेक बांउंस के मामलों को इस लोक अदालत में सफल बनाने के संबंध में चर्चा किया गया।

### कोयलांचल परिवहन संघ की समिति का गठन

**कोरबा।** एसईसीएल में कार्यरत वाहन ठेकेदारों से संबधित समिति कोयलांचल परिवहन संघ की जिला स्तरीय बैठक होटल जश्न रिसोर्ट में संपन्न हुई। जिसमे कोयलांचल परिवहन संघ की नई कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमे अध्यक्ष पी.विजयराव, उपाध्यक्ष कमरुल हसन, सचिव मनीष कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष राम मिलन असाटी, मीडिया प्रभारी अमरीक सिंह (रिंकू) का सर्वसम्मति से चयन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एसईसीएल के समस्त वाहन संचालकों की समस्याओं को सभी एरिया महाप्रबंधकों से मिलकर उनको अवगत कराते हुए समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण का प्रयास किया जावेगा।

# जिले में ढाई सौ बोर्ड परीक्षार्थी अपने अंकों से नहीं हैं संतुष्ट, दिला रहे दोबारा परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले जिले के ढाई सौ परीक्षार्थी अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं। और द्वितीय अवसर की परीक्षा में अंक सुधार के लिए शामिल हो रहे हैं। जिसमें हाई स्कूल के 52 और हायर सेकेंडरी के 194 छात्र शामिल हैं।

बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट के बाद द्वितीय अवसर की परीक्षा प्रावधान बीते वर्ष से लागू किया गया है। इसके तहत श्रेणी सुधार वाले और अंक सुधार वाले छात्र भी इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। हालांकि यह परीक्षा उन परीक्षार्थियों के लिए होती है जिनको पूरक की पात्रता मिली रहती है या फिर अनुत्तीर्ण हुए रहते हैं। जिले में लगभग 3 हजार परीक्षार्थी ऐसे हैं जिनमें पूरक और अनुत्तीर्ण छात्र शामिल हैं। ये सभी छात्र बोर्ड परीक्षाओं के द्वितीय अवसर की परीक्षा में शामिल हुए हैं। इन्हीं परीक्षार्थियों के साथ अंक सुधार और श्रेणी सुधार वाले परीक्षार्थी भी शामिल हैं। इनकी संख्या ढाई सौ से अधिक है।

### तीन हजार से अधिक परीक्षार्थी द्वितीय अवसर में हो रहे हैं शामिल

**खास बात**

- अंक सुधार के लिए द्वितीय अवसर परीक्षा में हाई स्कूल के 52 और हायर सेकेंडरी स्कूल के 194 छात्र हो रहे हैं शामिल



### ये अंतर है श्रेणी और अंक सुधार में

द्वितीय अवसर परीक्षा में श्रेणी सुधार हेतु बैठने वाले परीक्षार्थी सभी विषय की परीक्षा दिलाते हैं। जबकि अंक सुधार वाले प्रक्रिया में बैठने वाले परीक्षार्थी केवल उन विषय की परीक्षा दिलाते हैं जिनमें उन्हें कम अंक मिले रहते हैं और उनमें और अधिक मिलने की संभावना रहती है। अंक कम मिलने की स्थिति पर अगर छात्र संतुष्ट नहीं रहते तो वे द्वितीय अवसर की परीक्षा में बैठते हैं जिसे अंक सुधार प्रणाली कहा जाता है।

## प्रति एकड़ 43 हजार रुपए का दिया जाता है ऋण

# किसानों को दिए जाने वाले केसीसी लोन की लिमिट बढ़ाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लंबे समय बाद किसानों को खेती के लिए दिए जाने वाले केसीसी लोन की जिला सहकारी बैंक के द्वारा लिमिट बढ़ाने की तैयारी चल रही है। बिलासपुर संभाग के सभी 58 शाखाओं में इसके आदेश जारी किए जा रहे हैं। जिले के 6 प्रांतों से किसानों के द्वारा लेनदेन किया जाता है। हालांकि यह व्यवस्था अगले वित्तीय वर्ष से लागू होगी।

किसानों के खेती के ऋण को लेकर आने वाली व्यवहारिक व तकनीकी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। लोन के मामले में अक्सर यह शिकायत सामने आई है कि पुराने निर्धारण वाले नियम पर ही लोन का वितरण किया जा रहा है। जबकि वर्तमान में खेती महंगी होती जा रही है। ऐसे में जो केसीसी लोन किसानों को दिया जा रहा है उससे खेती के पूर्ति नहीं हो पा रही है। पिछले कुछ वर्षों से खेती करना किसानों के लिए महंगा साबित हुआ है। केसीसी ऋण से भी उन्हें उस तरह से राहत नहीं मिल पा रही है जिसकी अपेक्षा लेकर किसान केसीसी ऋण लेते हैं। किसानों की इस परेशानी के मद्देनजर अब केसीसी लोन के लिमिट को बढ़ाने का निर्णय जिला सहकारी बैंक प्रबंधन के द्वारा लिया गया है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रजनीश सिंह ने भैसमा में आयोजित किसानों के सम्मेलन के दौरान बैंक अधिकारियों की बैठक लेकर केसीसी ऋण के संबंध में चर्चा की थी और इसकी लिमिट बढ़ाने के भी निर्देश दिए हैं। उनका कहना है कि पुराने नियम के आधार पर केसीसी लोन की लिमिट चल रही है। अब उसे बढ़ाया जाएगा।

**खास बात**

- किसानों के द्वारा लंबे समय से लिमिटि बढाने की चल रही थी मांग



फाइल फोटो

### लिमिट बढ़ाने पर हुई है चर्चा

पिछले दिनों कोरबा प्रवास पर आए सहकारी बैंक के अध्यक्ष की उपस्थिति में खेती के लिए किसानों को जो केसीसी ऋण दिया जाता है उसकी लिमिटि बढ़ाने पर चर्चा हुई है। आने वाले दिनों में लिमिट बढ़ जाएगी।

**-सरिता पाठक,** शाखा प्रबंधक, सहकारी बैंक कोरबा ब्रांच

### सिंचित व असिंचित रकबे के अलग-अलग निर्धारण

सिंचित और असिचिंत रकबे के आधार पर जिस तरह मुआवजा दिया जाता है उसी तरह केसीसी ऋण का भी निर्धारण होता है। सिंचित रकबा के आधार पर 43 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से ऋण स्वीकृत होते हैं। इस आधार पर अधिकतम दो से ढाई लाख का ही लोन प्रकरण बनता है। इसमें भी इस वर्ष से 70.30 का अनुपात कर दिया गया है। इस अनुपात के तहत केसीसी ऋण की 70 प्रतिशत सामग्री दी जाएगी और 30 प्रतिशत नगद राशि दी जाएगी। जबकि बीते वर्ष यह अनुपात 60.40 था। नगद राशि कम दिए जाने के नए नियम में बढ़ती महंगाई में किसानों की कमर तोड़कर रख दी है।

### भुगतान के समय भी दिक्कत

धान खरीदी के दौरान बैंक प्रबंधन के सामने भुगतान को लेकर भी दिक्कतें आती हैं। भुगतान के लिए ही नियम बनाए गए हैं। 50 हजार से अधिक की राशि नहीं दी जाएगी। अगर किसी किसान को इससे अधिक रकम की जरूरत होती है तो उसके लिए उसके द्वारा अलग से शपथ पत्र के साथ आवेदन देना पड़ता है। उस आवेदन की स्वीकृति के पश्चात ही ऋण की अधिक राशि स्वीकृत होती है। भुगतान के दौरान किसान कम से कम एक लाख रुपए तक की राशि लेना चाहते हैं लेकिन बैंक में पर्याप्त राशि नहीं होने की वजह से भुगतान में समस्या बैंक प्रबंधन के सामने आती है।

# पंप हाउस में गैंगवार, पुलिस ने हत्या के प्रयास का दर्ज किया मामला



बस्ती में पहुंचकर कार्यवाही करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो दिनों पूर्व शहर के पम्पहाउस क्षेत्र में वर्चस्व की लड़ाई और आपसी रंजिश के चलते माहौल खराब करने वाले तत्वों के खिलाफ जिला पुलिस ने सख्त नजर आ रही है। पुलिस ने माहौल खराब करने वाले दोनों पक्षों के खिलाफ हत्या का प्रयास, बलवा का मामला दर्ज किया है। साथ ही जल्द ही अपराधियों की जिला बदर की कार्यवाही भी की जाएगी इसके लिए पुलिस ने बहीखाता शुरु कर दी है।

उल्लेखनीय है सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंप हाउस में दो पक्षों में जमकर गैंगवार हुआ था। विवाद की घटनाओं के बाद पुलिस के आला अधिकारियों ने त्वरित एक्शन लेते हुए आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया है।पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के सख्त निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी और सीएसईबी चौकी प्रभारी राजेश तिवारी की मुस्तैदी के चलते अपराधियों की धरपकड़ तेज कर दी गई है। साथ ही बस्तियों में सघन पेट्रोलिंग कर साफ संदेश दिया जा रहा है। पुलिस ने सीएसईबी पुलिस चौकी में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है, जिसमें हत्या का प्रयास, बलवा, आर्म्स एक्ट जैसी गंभीर धाराएं लगाई गयी है। ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- आदतन अपराधियों का जल्द होगा जिलाबदर, पुलिस बहीखाता कर रही तैयार

# जिले में रोपे जाएंगे 25 हजार पौधे, 18 जुलाई से होगी अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री के मंशानुरुप वृहद पौधरोपण का अभियान प्रदेश में चल रहा है। इसी कड़ी में 18 जुलाई से जिले में वृहद पौधरोपण अभियान की शुरुआत की जाएगी। 25 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत जिले में 25 हजार पौधे रोपे जाएंगे। इनमें 5 हजार पौधों का रोपण शहरी क्षेत्र में किया जाएगा। जिससे शहर की सुंदरता बढ़ेगी।

पौधरोपण अभियान के संबंध में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया कि सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं को इस वृहद पौध रोपण अभियान में जोड़ा जाएगा। 18 जुलाई से इसकी शुरुआत होगी। इस अभियान के तहत छायादार फलदार के साथ सौंदर्यीकरण वाले पौधों का रोपण किया जाएगा इनमें शहर के सड़क किनारे गुलमोहर जैसे सौंदर्यीकरण वाले पौधे लगाने का लक्ष्य लिया गया है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में छायादार और फलदार पौधे का रोपण किया जाएगा।

शहरी क्षेत्र में आम लोगों की भागीदारी निभाने और इसे वृहद रुप देने के लिए समाज के सभी तबको शामिल किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण अंचलों में 20 हजार पौधे रोपे जाएंगे। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में गठित महिला स्व सहायता समूह, पंचायत पदाधिकारी शामिल रहेंगे।

**खास बातें**

- पांच हजार पौधों से बढ़ेगी शहर की सुंदरता
- छायादार, फलदार और सौंदर्यीकरण वाले पौधे रोपने का लक्ष्य



कुणाल दुदावत

# बिना नंबर प्लेट के फर्राटे मारने वाले 39 चालकों पर कसा गया शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा लगातार चौक चौराहों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जहां बिना नंबर प्लेट के वाहन दौड़ाने वाले व शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले स्वयं सड़क पर उतर चुके हैं और अपने टीम के साथ लगातार गली मोहल्लों में सघन पेट्रोलिंग की जा रही है तो वहीं चौक चौराहों में कार्यवाही की जा रही है।

जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं चौक-चौराहों पर चेकिंग प्वाइंट स्थापित कर वाहन चालकों की सघन जांच की गई। ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच के साथ-साथ बिना नंबर प्लेट संचालित वाहनों पर भी विशेष निगरानी रखी गई। अभियान के दौरान कुल 39 बिना नंबर प्लेट वाहनों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की गई। वहीं 36 चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए, जिनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में शराब पीकर वाहन चलाना एवं यातायात नियमों की अनदेखी शामिल है। नशे की स्थिति में वाहन ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- 36 शपाबी चालकों पर हुई मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही



कार्यवाही करती यातायात पुलिस।

## बालको के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने किया संयंत्र भ्रमण

# कर्मचारी हमारी कंपनी का अभिन्न हिस्सा : राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता एल्यूमिनियम मेटल लिमिटेड की कंपनी बालको ने अपने सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए संयंत्र भ्रमण का आयोजन किया। इस अवसर पर वर्षों तक बालको की प्रगति में योगदान देने वाले कर्मचारियों ने एक बार फिर अपने कार्यस्थल का दौरा किया और पुरानी यादों को ताज़ा करते हुए भावुक हो उठे।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि हमारे कर्मचारी कंपनी का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्होंने दशकों से बालको की सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है। अपने पूर्व सहकर्मियों का पुनः स्वागत करना और उन्हें उस कंपनी की प्रगति का साक्षी बनते देखना हमारे लिए गौरवपूर्ण अनुभव रहा। उनका योगदान सदैव बालको की गौरवशाली विरासत का अभिन्न हिस्सा रहेगा और उसी प्रतिबद्धता के साथ अपनी विकास यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए हमें निरंतर प्रेरित करता रहेगा।भ्रमण के दौरान सेवानिवृत कर्मचारियों ने स्मेल्टर, कास्ट हाउस, पावर प्लांट तथा अन्य प्रमुख इकाइयों का अवलोकन किया। कभी जिन इकाइयों में उन्होंने स्वयं काम किया था, आज वहां आधुनिक तकनीकों, उन्नत सुरक्षा मानकों, डिजिटलीकरण और बढ़ती उत्पादन क्षमता को देखकर उन्होंने बालको की विकास यात्रा की सराहना की। कंपनी के प्रतिनिधि विजय बाजपेयी एवं प्रखर सिंह ने उन्हें कंपनी की वर्तमान उपलब्धियों, विस्तार योजनाओं और भविष्य की विकास यात्रा से भी अवगत कराया। सेवानिवृत कर्मचारियों ने हुए कहा कि वर्षों बाद संयंत्र का दौरा करना उनके लिए गर्व और भावनाओं से भरा अनुभव रहा। सेवानिवृत कर्मचारियों ने कंपनी के साथ बिताए अपने वर्षों को याद किया और अपने अनुभव साझा किए। सेवानिवृत कर्मचारी रघुवर प्रसाद पटेल ने बताया, मैं स्मेल्टर में कार्य करता था जहां पहले एक लाख टन उत्पादन होता था अब वहीं बालको 10 लाख टन उत्पादन की तरफ अपना कदम बढ़ा चुका है। बालको का विकास 2005 के बाद से उत्तरोत्तर होते गया है। कंपनी लगातार टाउनशिप के सौंदर्यीकरण का कार्य कर रहा है।



संयंत्र का भ्रमण करने पहुंचे सेवानिवृत्त कर्मचारी।

### छात्रा ने जहर खाकर की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** एक 19 वर्षीय छात्रा ने घर में रखे की किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जब परिजनों को इसकी भनक लगी तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया जहां इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई है। छात्रा ने किन कारणों के चलते या आत्मघाती कदम उठाया है या स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हाथीमुड़ा की है। यहां निवासरत नंदलाल कंवर की 19 वर्षीय पुत्री शीतल कंवर ने सोमवार की सुबह घर में रखें किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजनों को इस बात का पता चला।

## खबर संक्षेप

### जीएम ने किया रेलवे स्कूल का निरीक्षण

**बिलासपुर।** जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने सोमवार को रेलवे के हायर सेकेंडरी स्कूल नम्बर एक का निरीक्षण किया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय की मौजूदा व्यवस्थाओं का जायजा लेना और बच्चों को मिल रही शैक्षणिक सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करना था। महाप्रबंधक ने स्कूल के क्लासरूम, प्रायोगशाला और परिसर का अवलोकन का बच्चों के शैक्षणिक विकास पर विशेष जोर देते हुए स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी दर्शनीता अहलूवालिया, प्रधान मुख्य अभियंता एके पाण्डेय, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता आरके चौधरी, अपर मंडल रेल प्रबंधक जेसी मीना सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### जिला प्रबंधन समिति की बैठक आज

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रबंधन समिति की बैठक 14 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में होगी। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत शौचालय निर्माण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, कम्पोस्ट पिट, सोक पिट, सामुदायिक शौचालय निर्माण जैसे अन्य एजेण्डों पर चर्चा की जाएगी।

### स्थायी संचार तथा संकर्म समिति की बैठक कल

**बिलासपुर।** जिला पंचायत की स्थायी संचार तथा संकर्म समिति की बैठक 15 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में होगी। बैठक में जल संसाधन संभाग खारंग एवं कोटा, लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 एवं 2, वन विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** चौकी नैला थाना जांजगीर पुलिस ने घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी के मामले में 48 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई बाइक बरामद करने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार 10 जुलाई को वार्ड क्रमांक 5, वीआईपी कॉलोनी, चौकी नैला निवासी ब्रजेश कुमार पाण्डेय ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उन्होंने अपनी होंडा लिवो मोटरसाइकिल क्रमांक एमएच 12 क्यूबी 0317 सुबह घर के बाहर खड़ी की थी, जो कुछ देर बाद अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई। मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सकरेली वार्ड क्रमांक 9 निवासी विनय कुमार सूर्यवंशी चोरी की लिवो बाइक अपने कब्जे में रखे हुए है। पुलिस ने दादी सती अस्पताल के पास से चोरी गई होंडा लिवो मोटरसाइकिल बरामद की गई, साथ ही घटना के दौरान आरोपी द्वारा उपयोग में लाई गई साइकिल भी घटनास्थल के पास से जब्त कर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए 21 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** विकासखंड बलौदा अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान करमा दुकान और शासकीय उचित मूल्य दुकान अंगारखार दुकान के आबंटन के लिए 21 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र के साथ-साथ संलग्न के रूप में संस्था, समूह का पंजीयन प्रमाण पत्र वर्तमान माह से विगत एक वर्ष तक के बैंक खाता स्टेटमेंट की छायाप्रति, संस्था व समूह की छायाप्रति के साथ 21 जुलाई शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

### कच्ची महुआ शराब के साथ महिला आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती।** पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 18 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 13 जुलाई को ग्राम चारपारा थाना मालखरौदा निवासी हिना महिलागें पति दिनेश महिलांगे के द्वारा अवैध रूप से अपने घर से महुआ शराब बेचने की शिकायत लगातार मिल रही थी।

---

**दो हास्पिटलों और 20 से अधिक दुकानों का भी कब्जा**

**मंगला चौक से आजाद चौक तक की सड़क का निगम ने कराया सीमांकन**

# 900 मीटर की सड़क बनाने में 40 बिजली पोल, पांच ट्रांसफार्मर बने बाधा





**बिलासपुर।** मंगला चौक से आजाद चौक तक बनने वाली सड़क 900 मीटर की सड़क और नाली का काम 7 महीने से रुका पड़ा है। ठेकेदार ने काम बंद कर दिया है तो दूसरी ओर लोग और यहां के व्यापारी परेशान है। रोजाना लोग गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

हालांकि निगम का कहना है कि सीमांकन रिपोर्ट मिलने में देरी हुई।अब हालांकि यह रिपोर्ट मिल गई है और अगले कुछ दिनों में कब्जा हटाते हुए सड़क चौड़ीकरण के साथ ही नाली का काम तेजी से शुरू किया जाएगा। निगम के मुताबिक इस सड़क में स्थित दो हास्पिटलों का 8 फिट तक कब्जा आ रहा है तो 20 से अधिक दुकानों ने भी 4 से 6 फिट तक कब्जा किया हुआ है। कुछ घरों के भी बाउंड्री आगे बढ़ी हुई है। वन विभाग के आफिस का कुछ हिस्सा भी कब्जे में है। इन्हें हटाने कहा गया है। इसके बाद निगम बुलडोजर चलाएगा। मंगला क्षेत्र जाने के लिए मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का रास्ता अब साफ हो गया। इसमें बाधा बन रहे 46 लोगों के अतिक्रमण को नगर निगम ने पहले हटा दिया था लेकिन मंगला चौक से आजाद चौक तक और भी कब्जे बाकी रह गए थे। इनमें से कुछ लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की तो। दरअसल 20 दुकानें ऐसी हैं जो कि नालियों पर बनी हैं। इन्हें तोड़ने पर निगम को और चौड़ी सड़क मिल सकती है लेकिन फिलहाल दुकान के बगल से काम शुरू किया गया है।

### 4 करोड़ में 900 मीटर सड़क औ नाली बनेगी

नगर निगम ने द्वारा दिए गए इस काम के ठेके पर नजर डालें तो 4 करोड़ में ठेकेदार को 900 मीटर सड़क और नाली बनानी है।सड़क 14 मीटर (करीब 45 फिट) चौड़ी होगी। इसमें दोनों तरफ नालियां भी बनेंगी। निगम के मुताबिक सबसे बड़ी समस्या बिजली के 40 पोल और 5 ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग को लेकर है। इस बारे में बिजली विभाग से बात चल रही है। फिलहाल रिटेनिंग वाल का काम जारी है। बारिश के बाद सड़क डामरीकरण किया जाएगा। निगम के अनुसार सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर नाली बनेगी।

### 7 महीने से सड़क-नाली का काम बंद







यहां के व्यापारियों महेन्द्र कौशिक, जित्तू होतचंदानी और संदीप बाजपेयी ने बताया कि 7 महीने से सड़क-नाली का काम बंद है। इसकी शिकायत भी अधिकारियों के साथ ही सीएम हेल्पलाइन में की गई है लेकिन कोई हल नहीं निकल रहा है। बारिश के समय तो नाली दिखती ही नहीं। इसमें लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। गौरतलब है किमंगला जाने के लिए रास्ते में पडने वाले आजाद चौक में घंटो जाम लगता है, संकरी सडक और चौराहा होने की वजह से चारों ओर गाड़ियों की लंबी लाइन लग जाती है। खासकर शाम के वक्त तो इस रास्ते से गुजरना जंग जीतने के सामान होता है और सडक किनारे ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने की वजह से बरसात में पानी भी भर जाता था।

### 46 अतिक्रमण को निगम ने पहले हटाया

मंगला रोड में पेट्रोल पंप से लेकर आगे तिवारी कांप्लेक्स तक डेढ़ किलोमीटर के हिस्से में करीब 46 लोगों ने अपने घर और दुकानों के सामने 10 से 20 फीट तक का पक्का निर्माण कर अतिक्रमण किया हुआ था। सडक चौड़ीकरण के लिए इन अतिक्रमण को हटाना आवश्यक था। निगम कमिश्नर ने सडक निर्माण एवं चौड़ीकरण के लिए कार्य योजना तैयार करने के और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। नगर निगम द्वारा सभी अतिक्रमणकारियों को कब्जा हटाने नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित समय सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाने पर आज नगर निगम द्वारा बड़े पैमाने पर दल बल के साथ सभी अतिक्रमण को हटाया गया। पूरे दिन भर चलें कार्रवाई में सडक चौड़ीकरण के लिए रास्ता अब साफ हो गया।

### बारिश के बाद होगा डामरीकरण

पूरी सड़क का सीमांकन कराया गया है। इसकी रिपोर्ट आ गई है। जो कब्जे हैं उन्हें हटाया जाएगा। बारिश के बाद डामरीकरण होगा। नाली का काम बंद है तो ठेकेदार से बात करते हुए इसे कराया जाएगा।

**- प्रकाश कुमार सर्वे**, निगम कमिश्नर

---

**28 लाख की लागत से बने मोपका गौठान की यह है हालत**

# 100 की जगह 200 गौवंश ठूंसकर रखे गए, ना चारे की व्यवस्था ना पानी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





मोपका में बने शहरी गौठान की हालत खराब है। नगर निगम द्वारा संचालित इस गोठान में 100 गौवंश के रखने की व्यवस्था है लेकिन 200 से अधिक गायों और बछड़ों को यहां ठूंसकर रखा गया है। यही नहीं इन गौवंश के लिए ना तो पर्याप्त चारे की व्यवस्था है और ना ही पानी की। चारे के लिए पशु आहार की बजाय मात्र कटिया दिया जा रहा है।पिछले दो दिनों से तो यहां पानी की सप्लाई भी नहीं की गई थी। बड़ी मुश्किल से यहां के चौकीदारों ने स्थिति संभाली। सबसे बड़ी बात की डोर- टू- डोर कलेक्शन वाली गाड़ियां यहीं कचरा डंप कर रहीं हैं। इससे क्षेत्र में बदबू और गंदगी फैल रही है।

- **कचरा भी यहीं डंप किया जा रहा**

नगर निगम के मोपका गोठान का क्षेत्रफल 12 एकड़ है। यहां छह शेड में 200 के करीब गोवंश रखा गया है। साथ ही खुले मैदान में 100 गाय रखने की व्यवस्था है। 28 लाख की लागत से मोपका में बने नगर निगम के गौठान में पहले भी गायों की लगातार मौतों की खबरें आती रहीं हैं।फिलहाल हालत यह है कि कचरा उठाने वाली गाड़ियां शहर भर का कचरा यहां डंप कर रही हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार इसके लिए मना किया लेकिन कोई मानता नहीं है।आसपास की महिलाओ ने बताया कि पहले गोठान के पीछे महिला समिति गोबर से केंचुआ खाद बनाने और शहरी कचरे को अलग-अलग करने का काम करती थी। अब लेकिन सब बंद हो गया है।

### इस तरह की है समस्या

- गौठान की निर्धारित क्षमता कम है, लेकिन यहां मवेशियों को अधिक संख्या में रखा जा रहा है, जिससे उनके रहने में दिक्कत होती है
- मवेशियों को भरपेट हरा चारा और पोषण नहीं मिल पा रहा है, जिससे वे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं, सिर्फ कटिया खिलाया जा रहा
- उचित देखभाल और पौष्टिक आहार नहीं मिलने (पॉलीथिन खाने जैसी समस्याएं) से कई गायों की असमय मौत की घटनाएं भी सामने आ चुकी है
- बीमार और घायल गायों के इलाज लिए नियमित रूप से डॉक्टरों और दवाओं की उपलब्धता में हमेशा कमी रहती है

### तीन दिन से पंप बंद, चारे की व्यवस्था भी नहीं

लोगों के मुताबिक गाड़ी चालकों का कहना है कि कछार के कचरा प्लांट में कचरा नहीं लिया जा रहा है। इस बारे में अधिकारियों को बता चुके हैं। कचरा डंप करने और फेकने के लिए जगह का इंतजाम न होने के कारण वे लोग जहां जगह खाली और सुविधाजनक दिख रहा वही कचरा डंप कर रहें। इधर गौठान में पिछले तीन दिनों से पंप बंद है। पीने के लिए पानी तक नहीं था तो टैंकर मंगाकर काम चलाया गया। 300 से अधिक गायों के लिए थोड़ा सा ही चारा बचा है। ऐसे में गोठान में लगातार हो रही गायों की मौत, चारा-पानी की कमी और इलाज के अभाव ने निगम की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### कचरा डंप करना गलत है

गौठान के करीब कचरा डंप किया जा रहा है तो गलत है। इसकी जानकारी ली जाएगी और मना किया जाएगा। चारे और पानी की कमी की शिकायत तो नहीं मिली है।इसके बाद भी सोमवार को मौके का निरीक्षण कर लिया जाएगा। जो भी अव्यवस्था होगी उसे दूर किया जाएगा।

**- श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर

## मवेशियों को पकड़ने निगम का अभियान, 20 दिनों में 600 से अधिक मवेशी पकड़े

बारिश शुरू होते ही मवेशियों का झुंड फिर सड़कों पर आ गया है, जिसे देखते हुए नगर पालिक निगम द्वारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। पिछले बीस दिनों में निगम ने 600 से अधिक घुमंतू मवेशियों को पकड़ा है। जिनमें 150 मवेशी जैतपुरी गोधाम और 160 मवेशियों को सिरगिट्टी तथा 292 मवेशियों को मोपका गोठान में रखा गया है। निगम का यह अभियान सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने और सड़क पर घूमने वाले गोधन को सुरक्षित रखने के साथ ही सड़कों को पशु मुक्त बनाने के लिए चलाया जा रहा है। निगम के मुताबिक ऐसे पशु मालिक जो अपने पशुधन को खुलें में छोड़ देते हैं उनके खिलाफ नगरीय निकाय अधिनियम 358 के अनुच्छेद 2 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा समझाइश और जुर्माने के बाद भी लगातार अपने पशुओं को सड़क पर छोड़ने वाले मालिकों के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया जाएगा। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा है कि अपने गोधन को बाहर ना छोड़ें और पालतू मवेशियों को अपने स्थान पर रख कर चारा-पानी की समुचित व्यवस्था करें।

- **जैतपुरी गोधाम, मोपका और सिरगिट्टी गोठान में रखें गए हैं मवेशी**



## वाहनों से डीजल चोरी वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ट्रेलर वाहनों से डीजल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है। घटना कोनी थाने की है। पचपेड़ी नाका टिकरापारा रायपुर निवासी विनोद कुमार पांडेय ने कोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया था कि 1 जुलाई को ग्राम गतौरी के पास बाबी ढाबा के पास ट्रेलर में लगभग 200 लीटर डीजल भरवाकर गया था। चालक गतौरी के पास भोजन करने वाहन खड़ा कर उतरा तो अज्ञात चोरों द्वारा ट्रेलर की टंकी से लगभग 150 लीटर डीजल चोरी कर लिया गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, दो स्कॉर्पियो वाहनों में सवार कुछ व्यक्ति नेशनल हाईवे, गतौरी के पास चोरी का डीजल बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। पुलिस को देखकर 3 आरोपी मौके से फरार हो गए, जबकि 2 आरोपियों को मौके पर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एमपी 18 जेडजी 2645 व सीजी 10 बीके 0938 में 200 लीटर चोरी का डीजल तथा डीजल चोरी में प्रयुक्त पाइप एवं छड़ बरामद कर ली गई है। पूछताछ एवं पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। फरार तीन आरोपियों की तलाश जारी है। पकड़े गए आरोपियों में सीलपुर कोतमा निवासी शिवप्रसाद उर्फ छोटू लोनिया पिता अयोध्या प्रसाद बरपाली भदोरिया खार कोनी निवासी भानु प्रसाद लोनिया पिता बैसाखू राम लोनिया शामिल है।

---

# चौकीदार की हत्या करने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



मछली मारने के विवाद और समझौते के बाद चौकीदार को स्कार्पियो से टक्कर मारने व लाठी से पीट पीटकर जघन्य हत्या करने के मामले में रतनपुर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

रतनपुर मेलनाडीह निवासी श्याम सिंह पोर्ते पिता बहोरिक सिंह पोर्ते 40 साल ने पुलिस में रिपोर्ट लिखाई थी कि वह व मृतक तिरिथ राम यादव खूंटाघाट में मछली ठेकेदार के लिए रात में चौकीदारी करता है। 11 जुलाई की रात 9 बजे दोनों खाना खाने के बाद बाइक क्रमांक सीजी 10 ईएफ, 7425 से काम पर गांव से खूंटाघाट बांध नवागांव कैम्प जा रहा था। नवागांव मउहा डबरी तालाब के पास पहले से घात लगाकर खड़े गोलू धीवर, अनिश धीवर अपने साथियों के साथ स्कार्पियो से उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तिरिथ राम यादव तालाब के पार गड्ढे में जाकर गिर गया और वह बाइक सहित मौके पर गिर गया। गोलू धीवर ने उस पर लाठी से तीन बार हमला किया। जिससे वह किसी तरह उनके चंगुल से छूटकर दौड़ते हुए भागकर गांव चला गया। उधर हमलावरों ने तिरिथराम यादव की लाठी से पीट पीटकर जघन्य हत्या कर दी।

12 जुलाई की सुबह फिर से उसके दोस्त खोजने मौके पर गए तो तालाब के नीचे गड्ढे में तिरिथ राम यादव की खून से लथपथ लाश मिली थी, सोमवार को रतनपुर पुलिस ने कान्हा धीवर ऊर्फ गोलू पिता निरंजन धीवर उम्र 34 वर्ष,अनिश धीवर ऊर्फ छोटू पिता सुखदेव धीवर उम्र 22 वर्ष, शुभम प्रधान ऊर्फ शोभू पिता रवि प्रधान उम्र 21 वर्ष सभी निवासी नवागाँव (गिरजाबंद) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## खबर संक्षेप

### सरस्वती योजना के तहत 88 छात्राओं को साइकिल का हुआ वितरण

**कोरबा।** कुसमुण्डा के आदर्श नगर में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में सरस्वती योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं की 88 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा कार्यकर्ता एवं विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल प्रदान करते हुए उन्हें नियमित अध्ययन, आत्मनिर्भरता और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। भाजपा मंडल महामंत्री विकेश झा ने कहा कि यह साइकिल केवल एक परिवहन का साधन नहीं, बल्कि बेटियों की शिक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास का प्रतीक है। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। छात्राओं ने भी शासन की इस महत्वपूर्ण पहल के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### खड़ी ट्रैक्टर में लगी थी चाबी, मासूम ने कर दिया स्टार्ट चपेट में आने से छोटे भाई की मौत

कोरबा। एक ट्रैक्टर का चालक ईंट खाली कराने के लिए ट्रैक्टर को खड़ी ईंट खाली कर रहे थे। इस दौरान ट्रैक्टर में चाबी लगी हुई थी। इस दौरान पास में लगे खेल रहे दो भाई में से बड़ा भाई ट्रैक्टर पर चढ़ गया और ट्रैक्टर को स्टार्ट कर दिया। जिससे ट्रैक्टर एकाएक आगे बढ़ गया और जिसकी चपेट में आने से उसका छोटे भाई की मौत हो गई। मामला सिविल लाईन थाना क्षेत्र के पथर्रीपारा बस्ती की है। यहां निवासरत अब्दुल अजर के दो पुत्र सुबह घर के समीप खेल रहे थे इसी दौरान एक ट्रैक्टर ईंट लेकर बस्ती में पहुंची हुई थी जहां ट्रैक्टर व परिचालक ट्रैक्टर से ईंट खाली कर रहे थे इसी दौरान सड़क में खेल रहे दो भाईयों में से एक बड़ा भाई ट्रैक्टर के स्टेरिंग पर पहुंच गया। इस दौरान टैक्टर के इंजन में चाबी लगी हुई थी जिसे देखकर बच्चे ने चाबी घुमा दी और फिर क्या था ट्रैक्टर स्टार्ट होते ही उसका छोटा भाई अब्दुल लीतम 3 साल का सामने सड़क पर खेल रहा था जिसकी जद में आ गया।

## निधन

### श्रीमती रामबाई



**कोरबा।** बलौदा व रानी रोड कोरबा निवासी स्व. यामित्र प्रसाद (झुरूसाव) के पुत्र प्रफुल्ल सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती रामबाई का आकस्मिक निधन सोमवार को हो गया है। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहीं थीं। उनका अंतिम संस्कार उनके निवास स्थान रानी रोड कोरबा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके पति प्रफुल्ल सोनी ने दी। अंतिम संस्कार में परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पंप हाउस में...

जिसमें श्रीमती अनिता दीवान की शिकायत पर आरोपी हरीश राव, रामकुमार प्रजापति, शिशुपाल गोंड़, संजय कामले एवं अन्य के खिलाफ धारा 109(1), 296, 115(2), 351(3), 190, 191(3) और 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इन पर स्कूली बच्चों के विवाद को जबरन बढ़ाकर दूसरे पक्ष के साथ घातक मारपीट करने का आरोप है। इसी तरह शिशुपाल गोंड़ की शिकायत पर पुलिस ने धारा 109(1), 296, 115(2), 351(3), 190, 191(3) और 25 आर्म्स एक्ट के तहत एक और कड़ा मामला दर्ज किया है। सीएसईबी चौकी प्रभारी राजेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले में आपराधियों का बहीखाता तैयार किया जा रहा है और उनके खिलाफ जल्द ही जिला बदर की कार्यवाही की जाएगी।

### बिना नंबर प्लेट....

चलाने से चालक की निर्णय क्षमता एवं प्रतिक्रिया समय प्रभावित होता है, जिससे गंभीर दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इसी प्रकार बिना नंबर प्लेट वाहन संचालित करना भी कानून का उल्लंघन होने के साथ-साथ अपराध की स्थिति में वाहन की पहचान में बाधा उत्पन्न करता है।

### उफनते झरने, फिसलन भरी चट्टानें और गहराता पानी बन सकता है जानलेवा

# बारिश में सिर्फ खूबसूरती ही नहीं हादसे का भी रहता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मानसून में बारिश के साथ जिले के जलप्रपात और पिकनिक स्थल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण लोगों को सबसे अधिक आकर्षित करते हैं। पहाड़ों से उतरता दूधिया पानी, हरियाली से ढके जंगल, बादलों के बीच गूंजती झरनों की आवाज और चट्टानों पर बहती जलधाराएं किसी का भी मन मोह लेती हैं। लेकिन यही खूबसूरती बरसात के दिनों में सबसे बड़ा खतरा भी बन जाती है।

तेज बारिश के कारण जलप्रपातों का जलस्तर अचानक बढ़ जाता है। शांत दिखाई देने वाली जलधारा कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले सकती है। ऊपर के क्षेत्रों में हुई बारिश का पानी कब नीचे आ जाए, इसका अनुमान लगाना लगभग असंभव होता है। पानी के भीतर छिपी गहरी खाइयां, धारदार चट्टानें, तेज बहाव और फिसलन किसी भी छोटी-सी चूक को बड़े हादसे में बदल सकती है। बरसात के मौसम में देवपहरी, परसखोला, केंदई, फुटहामुड़ा, सतरेंगा, नकिया सहित जिले के अनेक पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में लोग परिवार और दोस्तों के साथ पहुंचते हैं। कई लोग सेल्फी लेने, वीडियो बनाने या झरनों के बिल्कुल पास जाकर नहाने की कोशिश करते हैं। यही लापरवाही कई बार जिंदगी पर भारी पड़ जाती है। जिले में बीते वर्षों में ऐसे कई दर्दनाक हादसे सामने आए हैं, जिनमें छात्र, युवा और पर्यटक पानी में बह गए या चट्टानों के बीच फंस गए। कई परिवारों ने अपने घर का इकलौता बेटा खोया, तो कई माता-पिता की उम्मीदें हमेशा के लिए टूट गईं। इन घटनाओं से सबसे बड़ी सीख यही मिलती है कि प्रकृति का आनंद लें, लेकिन उसकी शक्ति को कभी चुनौती न दें। बारिश के दौरान चट्टानों पर काई जम जाती है। ऊपर से मजबूत दिखाई देने वाले पत्थर बेहद फिसलन भरे हो जाते हैं। कई स्थानों पर पानी के नीचे गड्ढे, सुरंगनुमा चट्टानें और तेज धाराएं होती हैं, जो बाहर से दिखाई नहीं देतीं। एक बार पैर फिसलने या संतुलन बिगड़ने पर स्वयं को संभालना बेहद कठिन हो जाता है।

#### प्रकृति का आनंद लें, जोखिम नहीं

पिकनिक का मतलब केवल पानी में उतरना नहीं है। झरनों की कल-कल आवाज सुनिए, बारिश से धुले जंगलों की हरियाली देखिए, पक्षियों की चहचहाहट का आनंद लीजिए, परिवार और दोस्तों के साथ सुरक्षित स्थान पर बैठकर यादगार पल बिताइए। दूर से झरनों की खूबसूरती कैमरे में कैद कीजिए, लेकिन खतरनाक चट्टानों या तेज बहाव के बीच जाने का प्रयास बिल्कुल न करें। याद रखिए, प्रकृति हमें सुकून देने के लिए है, परीक्षा लेने के लिए नहीं।

## ग्राम बडमार जंगल में जुआ खेलते 6 जुआड़ी गिरफ्तार




पकड़े गए जुआरी व जप्त मोटर सायकल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में थाना करतला पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना के आधार पर करतला के ग्राम बडमार जंगल में जुए के फड पर रेड कार्यवाही की गई जिसमें 6 जुआडियों को दबोचा गया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम 5350 रूपये, 52 पत्ती तास, तिरपाल, 6 मोबाईल फोन, 10 मोटर सायकल को जब्त किया है। पकड़े गए सभी जुआड़ी करतला निवासी कृष्णाराय उम्र 35 वर्ष पिता स्व0 कैलाश चंद राय, सर्वजीत राय उम्र 43 वर्ष पिता रेवा शंकरराय, विजय शर्मा उम्र 48 साल पिता श्रीकायस्त वर्मा, संतोष गबेल उम्र 48 साल पिता घनश्याम लाल गबेल, बसंत खूंटे पिता स्व. रामानंद खूंटे उम्र 32 वर्ष एवं कृष्णा दास पिता मुंशीदास उम्र 50 वर्ष शामिल हैं। मामले में पुलिस ने पकड़े गए जुआड़ियों के खिलाफ छ0ग0 जुआ प्रति0 अधि0 की धारा 03 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## प्राकृतिक नाले के किनारे धधक रहा लाल ईंट भट्ठा, खतरे में पड़ा नाले का अस्तित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरपाली



नाला किनारे चल रहा ईट भट्ठा।

बरपाली तहसील अंतर्गत सलिहाभाठा और पकरिया के बीच एक प्राकृतिक नाला स्थित है जिसके किनारे बड़े पैमाने पर लाल ईंट भट्ठा संचालित है। जिससे इस प्राकृतिक नाले का अस्तित्व खतरे में है। दरअसल लाल ईंट के भट्ठों के संचालन लिए वैध लाइसेंस लेना आवश्यक होता है तभी इसका निर्माण व विक्रय किया जा सकता है। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण मंडल से अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता समेत खनिज विभाग,उद्योग विभाग, श्रम विभाग व वन विभाग से अनुमति तथा उक्त ग्राम पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र होने पर ही ऐसे ईंट भट्ठे चलाये जा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि पकरिया स्थित लाल ईंट का भट्ठा एक प्राकृतिक नाले के किनारे लगा हुआ है जो प्रथम दृष्टया अवैध प्रतीत होता है क्योंकि किसी भी नदी नाले के किनारे ऐसे भट्ठों की अनुमति अमूमन नहीं मिलती क्योंकि पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखा जाता है। यह भी देखा गया है कि इन भट्ठों में नाले के पानी का व्यवसायिक उपयोग भी किया जाता है तथा ईंट भट्ठे से निकला राख व अन्य गंदगी नाले में पहुचकर पानी दूषित कर रहा है, जिससे ग्रामीणों के सवास्थ्य पर बुरा असर हो सकता है और पशु पक्षियों को भी दूषित जल पीना पड़ रहा है। खनिज विभाग व प्रशासन मूकदर्शक बनकर इस तरह के धंधों को बढ़ावा दे रही है और कार्यवाही के नाम पर केवल खानापूर्ति करती है जिसके कारण अवैध ईंट भट्ठे दिनों दिन अपने पैर पसार रहे हैं और पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रहे हैं। सड़क किनारे नाले से लगा हुआ यह ईंट भट्ठा बरपाली तहसील से महज एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है इसके बावजूद बरपाली तहसीलदार की नजर आज पर्यन्त तक इस पर नहीं पड़ी इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रशासन अपनी आंख मूंदे हुए है। पूर्व में भी जिले में संचालित अवैध लाल ईंट भट्ठे से सम्बंधित खबर प्रकाशित किया गया था लेकिन आज तक प्रशासन नींद से नहीं जागा।

## राजपत्र में अधिसूचित होने वाली पहली कोल पीएसयू सीएसआर योजना बनी एसईसीएल के सुश्रुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल की प्रमुख कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल एसईसीएल के सुश्रुत ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है। भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के साथ यह भारत सरकार के राजपत्र में अधिसूचित होने वाली किसी भी कोल पीएसयू की पहली सीएसआर योजना बन गई है।

#### खास बात

- वर्ष 2023 में शुरु की गई थी एसईसीएल प्रबंधन की पहल

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल के सुश्रुत इससे पूर्व भारत सरकार के डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर पोर्टल पर सूचीबद्ध होने वाली किसी भी कोल पीएसयू की पहली एवं एकमात्र सीएसआर योजना है। कोयला मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अब एसईसीएल के सुश्रुत योजना के लाभार्थियों के लिए आधार प्रमाणीकरण की सुविधा उपलब्ध होगी। यह व्यवस्था आधार वित्तीय एवं अन्य सब्सिडी, लाभ एवं सेवाओं का लक्षित वितरण अधिनियम, 2016 तथा आधार प्रमाणीकरण सुशासन, सामाजिक कल्याण, नवाचार एवं ज्ञान नियम 2020 के अंतर्गत लागू की गई है। इससे योजना के लाभों का पारदर्शी, लक्षित एवं प्रौद्योगिकी आधारित वितरण सुनिश्चित होगा। साथ ही, जो लाभार्थी आधार प्रमाणीकरण का उपयोग नहीं करना चाहते, उनके लिए सरकार द्वारा अनुमोदित वैकल्पिक पहचान पत्रों के माध्यम से भी लाभ प्राप्त करने की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। वर्ष 2023 में प्रारंभ की गई एसईसीएल के सुश्रुत एसईसीएल की प्रमुख सीएसआर पहल है, जिसके अंतर्गत कंपनी के परिचालन क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को नीट परीक्षा की निःशुल्क आवासीय कोचिंग प्रदान की जाती है, ताकि वे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकें। योजना ने आरंभ से ही उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं। प्रथम बैच 2023-24 में 40 में से 39 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की। इनमें 11 विद्यार्थियों ने एमबीबीएस, 2-2 विद्यार्थियों ने बीडीएस, बीएएमएस एवं बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी तथा 2 विद्यार्थियों ने वेटरनरी पाठ्यक्रमों में सरकारी संस्थानों में प्रवेश प्राप्त किया।

## लायंस क्लब कटघोरा छुरी ने भारत भवन में किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



पौधरोपण करते लायंस क्लब के सदस्य।

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से लायन्स क्लब कटघोरा छुरी द्वारा सोमवार को रामपुर पंचायत के ग्राम खुटरीगढ़ में स्तिथ भारत भवन परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन क्लब के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में क्लब के रीजन पीआरओ एवं संरक्षक अजय धनोंदिया सहित सभी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। अजय धनोंदिया ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि लायन्स क्लब सदैव सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि प्रत्येक पौधे की देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी समाज को मिलकर निभानी होगी। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान छात्रावास परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार जैसे नीम, कटहल, अमरूद, जामुन, आम, काजू, करौंदा, पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों ने पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। इस अवसर पर इंस्पायर संस्था से उत्तम सस्ते, लक्ष्मण महंत, राम सिंह, आदित्य, लक्ष्मी, नितिन, सामरिया के सांथ संरक्षक अजय धनोंदिया, अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव नरेंद्र अग्रवाल, भारत भूषण, अजय श्रीवास्तव, राजूदास दीवान, सुधीर पाण्डेय सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## कोरबा गुरुकुल का शपथ ग्रहण समारोह

**मड़वारानी।** लायंस क्लब कोरबा गुरुकुल का नवीन पदाधिकारी, कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मुख्य आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि वॉयस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मालिक एवं शपथ अधिकारी रीज़न चेयरमैन लायन पवन अग्रवाल ने विधि सम्मत शपथ दिलाई। लायंस क्लब कोरबा गुरुकुल के शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ लायंस क्लब इंटरनेशनल के संस्थापक लायंस मैल्वीन जोन्स के तैल चित्र पर अतिथियों द्वारा पुष्प अर्पित किया गया।

## अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रीराम मंदिर अयोध्या में चढ़ावा चोरी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी शहर ने पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के अगुवाई में सोमवार को टीपी नगर चौक में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया गया। इस दौरान श्री अग्रवाल ने कहा कि श्रीराम मंदिर अयोध्या में चढ़ावा चोरी के इस पूरे प्रकरण में केवल छोटे कर्मचारियों को फंसाया जा रहा है। मामले में पुलिस ने आठ कर्मचारियों को हिरासत में लिया है जो केवल निचले स्तर के कर्मचारियों तक ही कार्यवाही है जबकि ट्रस्ट के पदाधिकारियों की भी जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही होनी चाहिए। श्री अग्रवाल ने कहा कि केवल हिंदुस्तान ही नहीं वरन पूरा विश्व के लोग जिन्होंने श्रीराम मंदिर निर्माण में या फिर दान पेटी में चढ़ावा चढ़ाया है उनके आस्था को चोट पहुंचा है। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य अनिल मिश्रा और गोपाल राव के खिलाफ भी एफआईआर होनी चाहिए। पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की गायब हो जाना भ्रश्टाचार का संकेत है।

न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

।। ईश्तहार।।

रा.प्र.क. 202606050600103
श्रेणी अ-6 वर्ष 2025-26
प.ह.नं. 16 ग्राम कोरबा

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. निक्की उर्फ प्रदीप सिंह, 2. विक्की उर्फ तनवीर सिंह, दोनों पिता स्व. मानकसिंह, निवासी-पावर हाउस रोड कोरबा, तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प०ह०नं० 16 रा०नि०मं० कोरबा स्थित भूमि ख0नं0 335/16क, 335/17क, 335/18क में से रकबा 0.019 हेक्टे. भूमि उभयपक्षों के नाम पर संयुक्त खाते में राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। हकत्यागकर्तागण के द्वारा उक्त भूमि को आवेदकगण के पक्ष में पंजीकृत मुक्ति पत्र हकत्याग विलेख दिनांक 01/10/2005 को निष्पादित किया है। उक्त हकत्याग के माध्यम से आवेदकगण उक्त भूमि को अपने नाम पर नामांतरण किये जाने बाबत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था का कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 17/07/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
जिला कोरबा (छ.ग.)

न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा जिला कोरबा (छ०ग०)

आम ईश्तहार/नोटिस

प्रोसेस क्र. 194/2026
प्र.क्र. 14/2026
पेशी तारीख 30-07-2026

श्रीमती बिरिच्छ कुंवर — आवेदक/वादी
बनाम
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक वगै. — अनावेदक/प्रतिवादी

उपरोक्त आवेदक/वादी श्रीमती बिरिच्छ कुंवर ने अनावेदक/प्रतिवादी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक वगै. के विरुद्ध भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 372 के तहत न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा जिला कोरबा (छ०ग०) में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक-30-07-2026 तिथि नियत है।

अतः अनावेदक/प्रतिवादी आम जनता (जिसका इससे कोई संबंध हो) को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 30-07-2026 को दिन 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी।

नोटः- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 06-07-2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(डॉली ध्रुव)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

## खबर संक्षेप



### सरस्वती शिशु मंदिर एचटीपीपी में कम्प्यूटर कक्ष का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** सरस्वती शिशु मंदिर एचटीपीपी दर्री में विद्यार्थियों के तकनीकी एवं डिजिटल ज्ञान को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नवस्थापित कंप्यूटर कक्ष का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों धनन्जय सिंह, बद्री प्रसाद स्वर्णकार एवं मेहुल द्वारा भगवान गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथियों ने कंप्यूटर कक्ष का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक का सदुपयोग कर ज्ञान एवं कौशल अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नवीन कंप्यूटर कक्ष में कंप्यूटरों का उपयोग कर अपनी डिजिटल दक्षता का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य सुषमा बारस्कर ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह कंप्यूटर कक्ष विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं तकनीकी शिक्षा को नई दिशा प्रदान करेगा। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्यगण, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जान हथेली पर रखकर राहगीर रुमगरा-बालको मार्ग से कर रहे आवागमन



**कोरबा।** विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच रुमगरा से बालको जाने वाली सड़क की हालत पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी डामर और जलभराव ने आम लोगों का सफर खतरे से भरा बना दिया है। ऐसा लगता है मानो सड़क नहीं, बल्कि गड्ढों के बीच रास्ता खोजकर लोग अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हैं। बरसात के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई दिखाई नहीं देती, जिससे दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा हादसों का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि अब तक केवल आश्वासन देते नजर आए हैं। यह मार्ग भारी वाहनों, उद्योगों में काम करने वाले कर्मचारियों, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद सड़क की बदहाल स्थिति यह सवाल खड़ा करती है कि आखिर करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लाभ जनता तक क्यों नहीं पहुंच रहा? स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि केवल कागजी दावे नहीं, बल्कि सड़क की तत्काल मरम्मत कर लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा दी जाए।

### यादव समाज की वार्षिक बैठक में प्रतिभान बच्चों को किया गया सम्मानित



**हरदीबाजार।** यादव समाज धनिया राज की वार्षिक बैठक यादव धर्मशाला बस स्टैंड में रविवार को दोपहर 12 बजे से पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री कृष्ण के तैलचित्र की पूजा अर्चना कर की गई। तत्पश्चात वर्ष 2026 में कक्षा 10वी एवं 12वी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मान पत्र एवं 1100 रुपये की नगद राशि पदाधिकारियों के करकमलों से प्रदान किया गया। इस अवसर पर गोपाल यादव, धर्मेंद्र यादव खैरा से, प्रहलाद यादव धनिया से, रमेश अहीर, लक्ष्मी अहीर चांपा, राधे यादव, रामरतन अहीर खिशोरा, भैया राम यादव नोनबिर्रा, संजीत यादव कर्मंदी, गजानंद यादव,पूनम यादव बलौदा घनश्याम यादव पिपरसती,बजरंग यादव एवं सैकड़ों की संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित रहे। सभा को गोपाल यादव पूर्व सचिव महासभा सलाहकार तथा धर्मेंद्र यादव अध्यक्ष धनिया राज, प्रहलाद यादव पूर्व अध्यक्ष धनिया राज, लक्ष्मी अहीर सलाहकार महासभा आदि ने संबोधित किया।

# एसईसीएल की गेवरा खदान में पहुंचा अत्याधुनिक 70 केएल वाटर टैंकर, धूल से मिलेगा छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के गेवरा क्षेत्र में सुरक्षित, पर्यावरण-अनुकूल एवं आधुनिक खनन संचालन को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 70 किलोलीटर क्षमता वाले वाटर टैंकर का शुभारंभ किया गया। अत्याधुनिक वाटर टैंकर के संचालन से खदान क्षेत्र में धूल नियंत्रण, हॉल रोड पर नियमित जल छिड़काव तथा बेहतर कार्य वातावरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

मेक इन इंडिया पहल के अनुरूप देश में निर्मित इस 70 केएल क्षमता वाले वाटर टैंकर की उच्च क्षमता बड़े खनन क्षेत्रों में प्रभावी जल छिड़काव सुनिश्चित करेगी, जिससे धूल उत्सर्जन में कमी आएगी तथा सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल खनन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। यह मशीन गेवरा क्षेत्र की पर्यावरणीय प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। इस अवसर पर एसईसीएल अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग के साथ-साथ मानव संसाधन के कौशल विकास पर समान रूप से बल देना एसईसीएल की प्राथमिकता है। ऐसी पहलें सुरक्षित, पर्यावरण-अनुकूल, समावेशी एवं सतत खनन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती हैं। गेवरा क्षेत्र आधुनिक तकनीक, सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा कौशल विकास को समान प्राथमिकता देते हुए खनन कार्यों में निरंतर उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर है। आधुनिक मशीनों के समावेश एवं प्रोजेक्ट धराशक्ति जैसी अभिनव पहलों के माध्यम से एसईसीएल सुरक्षित, कुशल, समावेशी एवं सतत खनन व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर दीपक रस्तोगी, महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष एक्सकेवेशन, शिव कुमार, महाप्रबंधक एक्सकेवेशन, सुजीत झा, पी.ई. एक्सकेवेशन, एस.सी. त्रिपाठी, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी सहित गेवरा क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**खास बात**

- मेक इन इंडिया पहल के अनुरुप देश में निर्मित की गई है 70 केएल क्षमता वाली वॉटर टैंकर




## किसानों के साथ समिति कर्मचारियों के सामने भी होने लगी दिक्कतें

# अब संयुक्त खाते की भूमि के सभी खातेदारों को कराना होगा एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी को लेकर एक के बाद एक नए बदलाव होते जा रहे हैं। इस बदलाव के तहत इस वर्ष से संयुक्त खाते के भूमि वाले सभी खातेदारों को एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन कराना आवश्यक हो गया है। किसी एक सदस्य के भी पंजीयन नहीं होने पर रुक जाएगी धान खरीदी।

धान खरीदी के लिए एक जुलाई से ही एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन का दौर शुरू हो गया है। लेकिन इसके लिए जारी नए नियम से किसानों के सामने खासकर संयुक्त परिवार वाले किसानों को लिए मुसीबत खड़ी हो गई है। इस नियम के मुताबिक संयुक्त खाते की भूमि में जितने भी हिस्सेदार हैं उन सभी का एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन किया जाना अनिवार्य किया गया है। इससे संयुक्त खाते के परिवारों में चिंता की लकीरें पड़ गई हैं। जमीन विवाद के मामलों को लेकर भी परिवारों में पहले से ही विवाद चल रहे हैं। ऐसे में संयुक्त खाते की भूमि के किसी एक हिस्सेदार ने अगर एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन नहीं कराया तो उस खाते से धान की खरीदी नहीं की जाएगी। इस नियम से ग्रामीण क्षेत्रों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं समिति के अधिकारियों में भी इस नए नियम को लेकर लगातार दबाव बढ़ गया है। अब उनके लिए सभी हिस्सेदारों का इंतजार करना पड़ेगा। सभी हिस्सेदार जब एक होंगे तब पंजीयन किया जा सकेगा।

**खास बात**

- इस वर्ष से शासन ने बदला नियम, किसी एक के भी पंजीयन नहीं होने पर रुक जाएगी धान की बिक्री

**पूर्व में एक व्यक्ति के पंजीयन से ही होती थी खरीदी**

पूर्व में संयुक्त खाते की भूमि में चाहे जितने भी हिस्सेदार हों उसमें से एक मुखिया का ही एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन होने से धान की खरीदी हो जाती थी। बीते वर्ष तक यही नियम चल रहा था। इससे किसानों के सामने पंजीयन के लिए कोई व्यवहारिक दिक्कतें नहीं आईं किन्तु इस नए नियम से संयुक्त भूमि के हिस्सेदार जो शासकीय सेवक होने के कारण कहीं और पदस्थ हैं उन्हें भी इसके लिए समिति के सामने उपस्थित होना पड़ेगा। एक जुलाई से शुरु हुई इस कार्य की रफ्तार इस नियम के कारण ही धीमी पड़ी हुई है।

# बरसात सिर पर, पुल का काम पूरा पर अब तक नहीं बनी नाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले साल भारी बारिश से नगर के बायपास रोड पत्ता गोदाम के पास घरों और दुकानों में घुसे पानी ने पाली नगर को हिला दिया था। गुस्साए लोगों ने तब उप मुख्यमंत्री के काफिले को रोककर सड़क जाम कर दिया था। डिप्टी सीएम ने मौके पर समस्या के स्थायी सामाधान का आश्वासन दिया था। उसके बाद कलेक्टर ने निरीक्षण कर पुल व लंबी नाली निर्माण की स्वीकृति दी और बीते मई माह में निर्माण शुरू हुआ। स्थिति ये है कि पुल बनकर तैयार है लेकिन नाली आधी अधूरी और मानसून कभी भी जमकर बरस सकता है।

पाली नगर के पत्ता गोदाम के पास जलभराव निकासी के लिए डीएमएफ मद से 105.32 लाख की लागत से बायपास मुख्यमार्ग 3/8 में पुल- नाली निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमे पुल तो लगभग बनकर तैयार हो गया लेकिन बरसाती जलनिकासी का अहम कार्य नाली निर्माण लेट- लतीफी की भेंट चढ़ गया। ठेकेदार के सुस्त रवैये को लेकर निर्माण स्थल के आसपास संचालित दुकानों और स्थित घरों में बरसाती पानी फिर न घुसे, इसे लेकर लोगों की धड़कने तेज हो गई है। पिछले साल इसी जलभराव से लाखों का नुकसान हुआ था। दुकानों में रखा अनाज, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, दुपहिया रिपेयरिंग सेंटर सहित अन्य दुकानों के सामान बर्बाद हो गए थे। तभी आक्रोश में लोगों ने वीआईपी काफिला रोका था। अब फिर वही तस्वीर सामने झलकने लगी है। पुल पूरा- नाली अधूरा और मानसून सर पर। लोगों में डर है और उनका कहना है कि नाली निर्माण कार्य पूर्ण नही होने से तेज बारिश का पानी इस बार भी घरों-दुकानों में घुसेगा। ठेकेदार को कोई जल्दी नहीं लेकिन हमारा सामान फिर डूब जाएगा। उनका सवाल है क्या नाली समय पर बनेगी या फिर मजबूर होकर दोबारा सड़क जाम करना पड़ेगा?

**खास बात**

- नगर पंचायत अध्यक्ष का अल्टीमेटम, देरी हुई तो उतरेंगे सड़क पर



अधूरा नाली निर्माण ।

**नपं. अध्यक्ष का अल्टीमेटम अब बर्दास्त नही**

इस सुस्ती पर नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल ने कार्य क्रियान्वयन एजेंसी लोक निर्माण विभाग और निर्माण कराने वाले ठेकेदार पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने संबंधितों को चेताया है कि डिप्टी सीएम के आश्वासन के बाद काम मे लापरवाही बर्दाश्त नही होगी। नाली निर्माण में तुरंत तेजी लाई जाए और एसडीओ स्तर के अधिकारी रोज काम की प्रगति देखें ताकि फंड खर्च हो पर काम नही लटके। यदि देरी हुई तो नगर पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ आमजन सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम का वादा, कलेक्टर की स्वीकृति, 1 करोड़ से ऊपर का फंड सब कुछ है। बस कार्य क्रियान्वयन एजेंसी व ठेकेदार में इच्छाशक्ति और गति नही है।

## एनएच-53 पर युवक से लूटपाट के 3 आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस ने एनएच-53 पर युवक से मारपीट कर मोबाइल, नकदी और जरूरी दस्तावेज लूटने वाले गिरोह का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में अपचारी बालक भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल, नकद रकम, 4 एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी तथा वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर की स्कूटी बरामद कर जब्त कर ली है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम तेतला निवासी कमल प्रसाद जांगड़े ने 11 जुलाई को पुसौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 4 जुलाई की रात करीब 10:20 बजे वह रायगढ़ से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान लोहरसिंह पेट्रोल पंप के आगे मां मंगला नर्सिंग कॉलेज के पास एनएच-53 पर बिना नंबर की नीले रंग की स्कूटी में सवार तीन युवकों ने उसकी स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। सड़क पर गिरते ही आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर उसके बैग व पर्स से 2 हजार 500 नकद, मोबाइल, 4 एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी लूटकर कोडातराई की ओर फरार हो गए।

### तेज रफ्तार बाइक से गिरकर दंपति हुआ घायल

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पकरिया स्थित पुलिया के पास हुए सडक़ हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गए। दंपति मौहार से बरपाली जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना डायल-112 को दी। जिसके बाद 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार महासिंह अपनी पत्नी के साथ बाइक में सवार होकर मौहार से बरपाली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम पकरिया स्थित पुलिया के पास उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और दंपति बाइक सहित सड़क पर गिर गये।

## हाथियों का झुंड करतला रेंज में फिर कर रहा है विचरण, ग्रामीणों को किया गया सावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वन मंडल कोरबा के करतला रेंज में 9 हाथियों का झुंड एक बार फिर लौट आया है। इस दल ने पिछले सप्ताह अपनी मौजूदगी के दौरान तुर्री कटरा क्षेत्र में पुटु निकालने जंगल गए पीडिया निवासी एक ग्रामीण को सामना होने पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल था। घटना के बाद हाथियों का दल दिन भर क्षेत्र में मंडाराता रहा मगर रात होने पर अपना लोकेशन बदलते हुए रायगढ़ जिले के छाल रेंज पहुंच गया था।

वहां तीन दिनों तक विचरण करने के बाद आज तडक़े कोरबा जिले के वन सीमा में प्रवेश किया और करतला रेंज अंतर्गत चोर भट्टी जंगल पहुंच कर डेरा डाल दिया हाथियों के झुंड को देखे जाने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी जिस पर वन अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। हाथियों की मौजूदगी वाले चोरभट्टी व आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सर्तक किया जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। एसडीओ एसके सोनी के निर्देश पर करतला वन परिक्षेत्र अधिकारी अक्स ऋषि व उनकी टीम हाथियों की निगरानी के लिए स्पेशल टीम के साथ लगी हुई है। साथ ही ड्रोन कैमरे के माध्यम से हर एक गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं ताकि कोई जनधन की हानि ना हो। पिछले दिनों करतला रेंज में हाथी हमले से एक ग्रामीण की मौत हो गई थी। अभी जंगल में मशरुम संग्रहण का दौर जारी है ऐसे में खतरा लगातार मंडरा रहा है। वन विभाग की टीम गांव में मुनादी कर सावधान कर रही है।




### पटरी पर मिला युवक का शव, पुलिस जुटी जांच में

**कोरबा।** सर्वमंगला चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक युवक की शव रेल पटरी मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। घटना की सूचना मिलने पर सर्वमंगला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खम्हरिया वैशाली नगर स्थित प्राथमिक स्कूल के शिक्षक पुरुषोत्तम बैरागी के पुत्र का शव दो टुकड़ों में रेल पटरी में मिला। घटना की सूचना पर सर्वमंगला पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के संबंध में जानकारी लेकर परिजनों से संपर्क किया गया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया आत्महत्या का लग रहा है। मृतक की पहचान खगेश उर्फ पिंटू बैरागी उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी विकास नगर एमडी कॉलोनी के रूप में की गई है। घटनास्थल कुसमुंडा थाना के सर्वमंगला चौकी क्षेत्र अंतर्गत 4 नंबर कुसमुंडा खदान गेट के आसपास की बताई जा रही है। मृतक बचपन से बोल नहीं सकता था। परिजनों के मुताबिक वह सोमवार की सुबह घर से निकला था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।




## जिला पंचायत सीईओ बनने पर आईएएस तन्मय खन्ना का सम्मान

# कार्य ऐसा करें कि पहचान छोड़ जाए: दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में पद और स्थान बदलते रहते हैं, लेकिन अधिकारी अपने कार्यों से ऐसी पहचान छोड़ सकते हैं जिसे लंबे समय तक याद रखा जाए। उन्होंने कहा कि हम सभी शासन के दायित्वों का निर्वहन करने के लिए नियुक्त हुए हैं, इसलिए प्रत्येक अधिकारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग तथा कटघोरा के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तन्मय खन्ना के जिले से अन्यत्र स्थानांतरण के अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में कही। उन्होंने कहा कि एक अधिकारी की वास्तविक पहचान उसके पद से नहीं, बल्कि जनता के हित में किए गए कार्यों, बेहतर प्रशासन और सकारात्मक परिणामों से बनती है। जहां भी दायित्व मिले, वहां पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर जिले और शासन की अपेक्षाओं पर खरा उतरना चाहिए। कलेक्टर ने दिनेश कुमार नाग और तन्मय खन्ना के जिले में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों अधिकारी अपने नए पदस्थापना स्थल पर भी उत्कृष्ट कार्य करते हुए अपनी अलग पहचान बनाएंगे। दिनेश कुमार नाग ने कहा कि स्थानांतरण प्रशासनिक सेवा की एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन किसी भी अधिकारी की वास्तविक पहचान उसके कार्यों से बनती है। उन्होंने अपने अब तक के प्रशासनिक सफर को याद करते हुए कहा कि उनका अधिकांश कार्यकाल बस्तर संभाग में बीता और उसके बाद कोरबा जैसे महत्वपूर्ण औद्योगिक जिले में कार्य करने का अवसर उनके लिए बड़ी उपलब्धि रहा।




विदाई समारोह में अधिकारियों को सम्मानित करते कलेक्टर।

## युवक से 6 लाख की ठगी पुलिस ने होल्ड कराई राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक से लगभग 6 लाख रुपए की वित्तीय धोखाधड़ी हो गई थी। युवक ने मामले की शिकायत सायबर थाना में की थी जिसपर पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए धोखाधड़ी की राशि को होल्ड करा दिया गया है जल्द ही ठगी की राशि युवक के खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी।

सिविल लाईन थाना रामपुर क्षेत्र में निवासरत राहुल रात्रे ने शिकायत दर्ज करायी थी कि उसके साथ ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की घटना घटित हुई, जिसमें अज्ञात अनावेदक द्वारा छलपूर्वक राहुल रात्रे से 6 लाख रुपये अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करा लिए गए। घटना के तत्काल बाद राहुल द्वारा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत प्राप्त होते ही साइबर पुलिस थाना कोरबा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पोर्टल के माध्यम से संबंधित बैंक खातों में उपलब्ध राशि को तत्काल होल्ड कराया गया, जिससे धोखाधड़ी की राशि सुरक्षित हो गई। साइबर पुलिस थाना कोरबा द्वारा नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए होल्ड की गई राशि को प्रार्थी के बैंक खाते में वापस दिलाने की प्रक्रिया की जा रही है।

